


# पुलिया से भिड़ी कार : डॉक्टर और ससुर की मौके पर ही मौत

▸ धराड़ टोल के पास हुए भीषण हादसे में पत्नी, बच्चे और अन्य परिजन घायल

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** रतलाम-इंदौर फोरलेन पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात हुए भीषण सड़क हादसे ने शहर को गहरे सदमे में डाल दिया। धराड़ के आगे टोल नाके के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी छोटी पुलिया से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि रतलाम के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह (42)



और उनके 80 वर्षीय ससुर शिवनारायण राजौरिया की मौत हो गई, जबकि कार में सवार अन्य

## घायल परिजनों को चल रहा उपचार

हादसे में डॉ. मनीष सिंह की पत्नी गौमती (39), सात वर्षीय पुत्र राइवा, पुत्री सवया, साढू अनुज (42) और अनुज की पत्नी लवली (42) घायल हुए हैं। सभी का रतलाम मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। चिकित्सकों की टीम विशेष रूप से बच्चों सहित सभी घायलों की निगरानी कर रही है।

परिजन घायल हो गए।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे हुई। परिवार भोपाल से रतलाम लौट रहा था। कार डॉ. मनीष सिंह के साढ़ू अजय चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, लंबी यात्रा और देर रात होने के कारण चालक को झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। चालक ने सीट बेल्ट पहन रखी थी, जिसके कारण उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही बिलपांक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान पहले शिवनारायण राजौरिया ने दम तोड़ दिया। कुछ समय बाद डॉ. मनीष सिंह ने भी उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और शहरभर में शोक की लहर फैल गई। हादसे में डॉ. मनीष सिंह की पत्नी गौमती (39), सात वर्षीय पुत्र राइवा, पुत्री सवया, साढ़ू अनुज (42) और अनुज की पत्नी लवली (42) घायल हुए हैं। सभी का रतलाम मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। चिकित्सकों की टीम विशेष रूप से बच्चों सहित सभी घायलों की निगरानी कर रही है।

# चौराहे पर महिलाओं ने की युवक की पिटाई, वीडियो वायरल

▸ मारपीट के दौरान जेब से रुपए निकालने का आरोप

▸ पुलिस ने शुरू की जांच

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के दिल बहार चौराहे पर सोमवार सुबह दिनदहाड़े हुई मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे दिल बहार चौराहे के पास एक युवक बैठा हुआ था। इसी दौरान तीन से चार महिलाएं वहां पहुंचीं और किसी बात को लेकर उसका विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। व्यस्त चौराहे पर हुई इस घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

घटना के दौरान पास में खड़े एक मैजिक (यात्री वाहन) चालक ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हुई और इसकी जांच शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि मारपीट के दौरान महिलाओं ने युवक की जेब से नकदी भी निकाल ली। हालांकि पुलिस ने अभी इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है तथा संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है।

## जनसुनवाई में लीगल एंड क्लीनिक के माध्यम से मिलेगी नि:शुल्क विधिक सहायता

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन में आमजन को त्वरित एवं नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लीगल एड क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। लीगल एड क्लीनिक का आयोजन प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 16 में किया जाएगा।

क्लीनिक में नागरिकों को उनकी विभिन्न विधिक समस्याओं के संबंध में नि:शुल्क कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी विधिक समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई के दौरान संचालित लीगल एड क्लीनिक का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## जिला कोषालय में विशेष शिविर 16-17 को

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आईएफएमआईएस पोर्टल से संबंधित तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला कोषालय कार्यालय, रतलाम में 16 एवं 17 जुलाई 2026 को विशेष तकनीकी सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा।

वशिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस से संबंधित तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए इस विशेष शिविर में आमंत्रित किया गया है। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त समस्याओं का परीक्षण कर उनका यथासंभव तत्काल निराकरण किया जाएगा।

### एक नजर में

## पेंशनर्स करेंगे विरोध प्रदर्शन 16 को




**रतलाम।** केंद्र सरकार के एक आदेश के तहत 2004 के बाद अनुकंपा नियुक्ति होने पर पुरानी पेंशन की पात्रता होगी,साथ ही सरकार आठवें वेतन आयोग को लेकर विभिन्न केंद्र सरकार के संगठनों से चर्चारत है लेकिन वर्तमान में पेंशनरों को क्या लाभ होगा अभी तक आयोग ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। उपरोक्त जानकारी ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन एवं सेंट्रल गवर्नमेंट रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान संगठन के वरिष्ठ सलाहकार कामरेड आई एल पुरोहित ने व्यक्त किये ।कार्यक्रम को कामरेड विजय प्रकाश दुबे कामरेड मनोहर पचौरी ने भी संबोधित किया ।संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि सरकार की निजीकरण विरोधी नीति जैसे पूछताछ विभाग, रेल प्रशासन की रिजर्वेशन कैशलेस सुविधा प्रारंभ ना करना, रेलवे चिकित्सालय मैं पेंशनरों की उपेक्षा आदि को लेकर सभी रेलवे पेंशनर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर 16 जुलाई को प्रदर्शन कर रेलवे बोर्ड चेयरमैन के नाम मांग पत्र रेल प्रशासन को प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए साथी बाबूदास बैरागी, एन पी शर्मा ,मोहम्मद हारून सिद्दीकी, महेश कुमार कारपेंटर, श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, श्रीमती मणिक व्यास, रजाक खान मदन मोहन शर्मा शादी का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु सविता शर्मा, योगेश त्रिवेदी ने पेंशनर मेडल, माला एवं केसरिया दुपट्टा पहननाकर स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र व्यास ,विजय प्रकाश दुबे, प्रकाश चंद जैन, गयाप्रसाद शर्मा, प्रतापसिंह चरपोटा का सम्मान किया गया। हरीश चंदवानी, पंकज पवार को 26 जुलाई को महेश्वर एवं मंडलेश्वर पेंशनर टूर के लिए संयोजक नामित किया गया। इस अवसर पर एम ए खान राजा भैया आर राठौर संतोष कुमार सोनी अतिक रहमान,रमेश चंद सी ,बलवीरसिंह यादव,यू एल जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, प्रेमलता जैन ,जया शर्मा ,अशोक कुमार दीक्षित, मनोरमा गहलोत, कमल मेहरा, कमलजीतसिंह सुरेश वर्मा, दशरथ शर्मा ,भूपेंद्र, सुरेश गोराना , सुधीर दिनेश जायसवाल, सुबोध गुमास्ते, बी एल पालीवाल, एम एल मेहर, ठाकुर राजेंद्रसिंह झाला ठाकुर वीरेंद्रसिंह कुशवाहा,ठाकुर सुरेशसिंह सिसोदिया, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष पेंशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास एवं आभार प्रदर्शन कम्युनिकेशन सेक्रेटरी देवेंद्र वर्मा नेव्यक्त किया।

## रतलाम में चातुर्मास 2026 की तैयारियां शुरू

**रतलाम।** शहर में आगामी चातुर्मास 2026 को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कर्नाटक गजकेसरी, घोर तपस्वी गणेशलाल जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्तिनी, वर्धमान आयंबिल तपोनिधि एवं जिनशासन प्रभाविका, मधुर व्याख्यानी परम पूज्या महासाध्वी प्रफुल्ला जी महाराज साहब आदि ठाणा-5 का पावन चातुर्मास वर्ष 2026 में रतलाम में संपन्न होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर आगामी तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। वर्तमान अध्यक्ष आशीष कटारिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चातुर्मास की सभी तैयारियां पूरी टीम भावना के साथ सुचारु रूप से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार तन-मन-धन से समर्पित रहने का आग्रह किया। अध्यक्ष श्री कटारिया ने बताया कि बालक मंडल एवं नवयुवक मंडल के अंतर्गत जो भी बालक या युवा प्रतिक्रमण सूत्र कंठस्थ (याद) करेगा, उसे नवयुवक मंडल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष अरिहंत बोराणा ने बताया कि आगामी 19 जुलाई को पूज्य महाराज साहब का नीम चौक स्थानक में मंगल प्रवेश होगा। इसके अगले दिन, यानी 20 जुलाई को सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही, इस वर्ष नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर को और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष विनोद बाफना, विनोद कटारिया, पंकज पटवा एवं रितेश मूणत ने आगामी चातुर्मास की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में श्री संघ के संघ रत्न इंदरमल जैन, संघ गौरव महेंद्र बोथरा, मणिलाल कटारिया (कलमोड़ा वाले), पी. के. जैन, अजय खिमेसरा, जयंतीलाल डांगी सहित कई गणमान्य नागरिक आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। नवयुवक मंडल की ओर से पंकज पटवा, प्रितेश कटारिया, प्रत्युष चौधरी एवं महावीर कटारिया सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में नवयुवक मंडल के महामंत्री वीरेंद्र कटारिया ने सभी आगंतुकों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक कमलेश्वर डोडियार फिर चर्चा में

▸ दस माह तक वेतन नही लेने के लिए लिखा पत्र

**नव भारत न्यूज**

**सैलाना।** विधायक कमलेश्वर डोडियार ने विधायक के रूप में देय वेतन भत्ते छोड़ने के लिए पत्र भेजे हैं। इसी को लेकर एक बार फिर वह चर्चा में हैं।

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बताया कि भोपाल में स्थित विधि अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी में एलएलएम कोर्स का नियमित अध्ययन के कारण विधायक के रूप में देय वेतन एवं भत्ते स्वेच्छा से ग्रहण न करने संबंधी आवेदन विधानसभा अध्यक्ष सहित संसदीय कार्य मंत्री, वित्त मंत्री,



उच्च शिक्षा मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्री सहित मुख्य सचिव मप्र. शासन, विधानसभा प्रमुख सचिव को भी वेतन भत्ते छोड़ने के लिए पत्र भेजे।

पत्र मै उन्होंने उल्लेख किया है कि करीब 10 महीने का वेतन भत्ता छोड़ने के बाद जरूरी समय पर मैं स्वयं के खर्चे से विधानसभा क्षेत्र में दौरे कार्यक्रम और जन सुनवाई जैसे कार्यक्रमों में उपस्थिति आदि सुनिश्चित करूँगा। यह भी कि अध्ययन के दौरान विधानसभा सदस्य के रूप कर्तव्यों का निर्वहन प्राथमिकता से करूँगा।

# रात में गोदाम साफ, दो दिन में चोर सलाखों के पीछे

▸ स्टेशन रोड पुलिस ने गोदाम चोरी का किया खुलासा

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने महू-नीमच रोड स्थित पेपर मिल कंपाउंड के एक गोदाम में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए 6 कूलर, एक पंखा और एक आरओ वाटर सिस्टम सहित करीब 60 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। मामले में एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार वेदव्यास कॉलोनी निवासी शलभ अग्रवाल ने 11 जून 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका खाद एवं



इलेक्ट्रॉनिक सामान का गोदाम महू-नीमच रोड स्थित पेपर मिल कंपाउंड में है। 9 जून की शाम कर्मचारी रफीक खान गोदाम बंद कर लौट गया था। 11 जून की सुबह जब वह दोबारा पहुंचा तो ताला टूटा मिला और शटर ऊपर उठा हुआ था। अंदर रखे कूलर, आरओ और अन्य सामान चोरी हो चुके थे। इस पर थाना स्टेशन रोड में अपराध क्रमांक 454/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी अमित कुमार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं राकेश पंद्रो तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह जादौन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाथीखाना निवासी हारुन खान (22) और मोचीपुरा निवासी जफर उर्फ माचो (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने डाक की पुल निवासी सईद खान के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों ने चोरी का सामान अलग-अलग लोगों को बेच देने की जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस अब फरार आरोपी सईद खान की तलाश के साथ चोरी के शेष मशरूके की बरामदगी के लिए कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मुकेश सस्तिया, प्रधान आरक्षक हेमंत परमार, मुकेश सिंह चौहान तथा पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

**रतलाम।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल की उप संचालक डॉ. राधिका गुप्ता एवं सहायक संचालक वैभव पाटील ने जिला चिकित्सालय रतलाम का निरीक्षण कर कार्यक्रमों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आयोजित बैठक में सभी बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए एचआईवी एवं सिफलिस स्क्रीनिंग अभियान के संबंध में शपथ दिलाई गई। बैठक में मिशन एड्स सुरक्षा कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. किरण वाडिवा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.पी. सिंह, नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अभिषेक अरोरा, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम, बीपीएम, डीएसआरसी, आईसीटीसी, एआरटी, विहान सहित संबंधित कार्यक्रमों का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



▸ रथयात्रा में इंदौर की श्री राधा कृष्ण और गोपियों की टोली करेगी नृत्य

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** थावरिया बाजार स्थित करीब 350 वर्ष पुराने भगवान जगन्नाथ मंदिर से श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा 16 जुलाई को दोपहर 2.30बजे निकलेगी । जिसकी तैयारियां जोरशोर से जारी है। इसी क्रम के रथ यात्रा के संस्थापक संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष मंगल लोढ़ा, सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि एमएसएमई मंत्री एवं नगर विधायक चेतन्य काश्यप को रथयात्रा का आमंत्रण पत्र देकर कर आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह के साथ ही सभी सम्मानीयजनों को रथयात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया ।

मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव में 15 जुलाई को शाम 7.30 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। 16 जुलाई को सुबह 9 बजे भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना, सहस्त्रधारा अभिषेक, श्रृंगार व आरती होगी। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। आपने बताया कि पिछले 29 वर्षो से जिले के एक मात्र 350 वर्ष पुराने जगन्नाथ मंदिर से पारंपरिक रूप से भव्य रथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। यह मंदिर मालवीय एवं राजस्थानी शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। रथ यात्रा में घोड़े, बग्गी और ऊंट के साथ ही इस वर्ष इंदौर की श्रीकृष्ण- राधा तथा गोपियों की नाट्य टीम आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। जो कि राधाकृष्ण एवं 6 गोपियों के साथ नृत्य करती हुई चलेगी। इसके साथ ही निकलेगी वाली रथयात्रा में मातृशक्ति द्वारा तलवारबाजी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां चल रही है। विभिन्न चौराहों पर मातृशक्ति द्वारा शस्त्र कला का प्रदर्शन किया जाएगा। रथ यात्रा थावरिया बाजार स्थित मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: थावरिया बाजार मंदिर पहुंचेगी । इसके बाद महाआरती होगी और उसके पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। रथ यात्रा महोत्सव समिति के मुन्नालाल शर्मा, मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा, रामचन्द्र डोई, गजेन्द्र यादव, भरत जैन, दीपक चौरडिया, प्रदीप गौड़, निलेश द्विवेदी, सन्नी सोनी, प्रदीप सोनी आदि नगर की धर्मप्रेमी जनता से धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।



## मीडिया में संगठन को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें मीडिया प्रभारी : काश्यप

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना और नीरज बरमेचा ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से भेंट कर नियुक्ति के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। काश्यप ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

मंत्री काश्यप ने इस दौरान सभी मीडिया प्रभारियों से कहा कि वे मीडिया में संगठन को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें। लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया द्वारा दी जाने वाली सूचनाएं विश्वसनीय एवं प्रामाणिक होनी चाहिए, ताकि उनका संगठन को अधिक से अधिक लाभ मिलें। इस दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल उपस्थित रहे। भाजपा मीडिया प्रभारियों का जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, मंडल महामंत्री आकाश खड़के, संदीप मौर्य, नीतिन लोढ़ा, करण वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## बीच रास्ते बांधी रस्सी, स्कूटी सवार महिला प्रोफेसर गिरकर घायल, कपड़े फटे

**जावरा।** शहर के सार्वजनिक मार्ग पर घोर लापरवाही और मनमानी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने आम नागरिकों सहित प्रबुद्ध वर्ग की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जावरा के कसाई मोहल्ला स्थित सार्वजनिक सड़क पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से रस्सी बांधकर रास्ता अवरुद्ध (ब्लॉक) कर दिया गया था। इस खतरनाक अवरोध के कारण कालूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ जावरा निवासी एक महिला प्रोफेसर हादसे का शिकार हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय काम्प्लेक्स जावरा निवासी पीड़ित महिला प्रोफेसर चेतना कोठारी अपनी स्कूटी से इस मार्ग से शासकीय महाविद्यालय कालूखेड़ा जा रही थीं। सड़क पर अचानक बांधी गई रस्सी दूर से दिखाई नहीं देने के कारण उनकी स्कूटी सीधे रस्सी से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला प्रोफेसर संतुलन खो बैठीं और स्कूटी सहित सड़क पर दूर तक घिसटती चली गईं। इस दर्दनाक हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और सड़क पर गिरने के कारण उनके कपड़े भी फट गए। एक सम्मानित शासकीय पद पर बैठी महिला के साथ सार्वजनिक सड़क पर इस तरह की घटना होना बेहद चिंताजनक है।

**लिखित शिकायत देकर की सख्त कार्रवाई की मांग:** शासकीय कॉलेज की प्रोफेसर चेतना कोठारी के साथ हुए इस हादसे के बाद शहर के प्रबुद्ध वर्ग में भारी आक्रोश है। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए इस गंभीर मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया है। महिला प्रोफेसर ने नगर पालिका अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

**एक नजर में** ▸ जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन की पारिवारिक सभा में समाजसेवा और संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

## समर्पण से ही संस्था बनती है इतिहास, केवल गठन से नहीं मिलता सम्मान

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** समाजसेवी संस्था का गठन करना आसान है, लेकिन उसे ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए समर्पण, सकारात्मक सोच और निरंतर पुरुषार्थ आवश्यक है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल नाहर ने भीमा खेड़ी हनुमान परिसर में आयोजित जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन की पारिवारिक सभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्य अतिथि बाबूलाल नाहर ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक और धार्मिक सेवा के नाम पर अनेक संगठन बन रहे हैं, विशेषकर युवाओं में नए समूह बनाने की होड़ दिखाई देती है। लेकिन आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण कई संस्थाएं अपने मूल उद्देश्यों से भटक जाती हैं। उन्होंने कहा कि यदि संस्था का प्रत्येक सदस्य




समर्पण और सेवा की भावना से कार्य करे, तभी संगठन समाज में स्थायी पहचान बना सकता है। उन्होंने ग्रुप संयोजक सुजानमल कोचट्टा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 60 वर्ष से अधिक आयु के 70 से अधिक दंपति सदस्यों को जोड़कर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन का गठन किया है, जो जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन से संबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि अध्यक्ष नवनीत सिंह श्रीमाल, सचिव अशोक ओरा, सह सचिव अभय कांठेड़, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीमाल, उपाध्यक्ष पारसमल छाजेड़, महावीर डांगी और सुशील जैन के सहयोग से संस्था नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती राजश्री डांगी और श्रीमती सुधा कांठेड़ द्वारा सामूहिक नवकार महामंत्र के पाठ से हुई। अध्यक्ष नवनीत सिंह श्रीमाल ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। सह सचिव अभय कांठेड़ ने कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। ग्रुप संयोजक सुजानमल कोचट्टा ने आगामी सेवा कार्यों के साथ सितंबर में अयोध्या सहित धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों की यात्रा की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुष सदस्यों के लिए म्युजिकल चेयर रेस, हाउजी सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। संचालन अशोक चोपड़ा ने शेर-ओ-शायरी के साथ किया, जबकि अंत में पारसमल ओरा ने आभार व्यक्त किया।